Page No. ___ Date ___/___/20___

कक्षा - सातवीं

हिंदी व्याकरण पाठ-1 से भाषा से

प्र०1 निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए -

क. किन्हीं दो भाषाओं के नाम लिखिए जिनकी लिपि देवनागरी है?

उ० हिन्दी और संस्कृत।

ख. मौखिक भाषा का कोई एक उदाहरण लिखिए।

उ० रेडियो मौखिक भाषा का सबसे महत्त्वपूर्ण उदाहरण है।

ग. हिंदी, अंग्रेजी, पंजाबी, बंगाली तथा कोंकणी भाषा की लिपि बताइए।

उ० हिन्दी - देवनागरी
अंग्रेजी - रोमन
पंजाबी - गुरुमुखी
बंगाली - बांग्ला
कोंकणी - देवनागरी

घ. भाषा किसे कहते हैं तथा भाषा के कितने रूप होते हैं?

उ० भाषा वह साधन है, जिसके द्वारा मनुष्य अपने भावों तथा विचारों को बोलकर और लिखकर प्रकट करते हैं।
इसके दो रूप होते हैं।

ङ. लिपि किसे कहते हैं?

उ० किसी भाषा की मौखिक ध्वनियों को लिखित रूप में प्रकट करने के लिए निश्चित किए गए चिह्नों की व्यवस्था को लिपि कहते हैं।

च व्याकरण से आप क्या समझते हैं तथा व्याकरण के कितने रूप होते हैं?

उ० व्याकरण वह शास्त्र है, जिसके माध्यम से हम भाषा को शुद्ध रूप से बोलना तथा लिखना सीखते हैं।
व्याकरण के तीन रूप होते हैं।

Red Wings
Page No. ___ Date ___/___/20___

६. भाषा सीखने के लिए व्याकरण जानना क्यों आवश्यक है ?
उ० भाषा के शुद्ध्य रूप का ज्ञान प्राप्त करने के लिए ~~भाषा~~ व्याकरण का जानना आवश्यक है।